भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

परिपत्र

विषय: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन।

अध्यक्ष, केविप्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आगामी बैठक **दिनांक 22 जून, 2021 को अपराह्न 3.30 बजे** जी-मीट के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक की कार्यसूची एव चर्चा की जाने वाली मदों का विस्तृत विवरण संलग्न है।

2. बैठक के उपरांत **"संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2021-22"** विषय पर हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। केविप्रा के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे जी-मीट के माध्यम से हिंदी कार्यशाला में प्रतिभागिता कर राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों एवं राजकीय कार्यों हेतु राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में अपना ज्ञानवर्धन करें।

3. समिति के सभी सदस्यों एवं हिदी कार्यशाला में प्रतिभागिता करने वाले कर्मियों को उक्त बैठक का जी-मीट लिंक यथासमय केविप्रा के व्हाट्सअप समूह एव ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जाएगा। केविप्रा की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया बैठक में उपर्युक्त तिथि एवं समय पर जी-मीट के माध्यम से प्रतिभागिता कर अपना बहुमूल्य सुझाव देकर राजभाषा की प्रगति में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

Signature Not Verified

Digitally signed by
USHA VERMA
Date: 2021.06.16
18:19:27 IST

सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य

केन्द्रीय विद्‌युत प्राधिकरण
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

<u>बैठक की कार्यसूची</u>

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 22 मार्च, 2021, को हुई पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।

2. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई।

3. केन्द्रीय विद्‌युत प्राधिकरण के प्रभागों एवं अनुभागों द्वारा किए गए पत्राचार की समीक्षा।

4. संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 पर चर्चा।

5. वर्ष 2021 के सितंबर माह के दौरान हिंदी दिवस पर आयोजित किए जाने वाले हिंदी पखवाड़ा समारोह पर चर्चा।

6. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय।

मद सं. 1: पिछली बैठक के कार्यवृत्त की विभिन्न मदों की पुष्टि।

अध्यक्ष, केविप्रा महोदय की अध्यक्षता में 22 मार्च, 2021 को जी-मीट के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन के उपरांत बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 30 मार्च, 2021 को कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों को ई-मेल द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई का अनुरोध करते हुए भिजवा दिया गया था। किसी प्रभाग/अनुभाग से कोई प्रतिकूल प्रतिक्रिया नहीं मिली है, अत: उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में कार्यवृत्त की पुष्टि की जाए।

मद सं. 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई।

पिछली बैठक में मुख्यत: निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई:

क. केविप्रा के प्रभागों/अनुभागों द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्टें समय से राजभाषा अनुभाग को भिजवाना सुनिश्चित करना।
ख. केविप्रा के प्रभागों/अनुभागों द्वारा मूल हिंदी पत्राचार में वृद्धि करना, ताकि निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।
ग. संसदीय राजभाषा को दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना एवं लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधीनस्थ कर्मियों को प्रेरित करना।

उपर्युक्त सभी बिंदुओं को कार्यवृत्त में शामिल करते हुए कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था।

केवल कुछ प्रभागों/अनुभागों को छोड़कर तिमाही रिपोर्टें समय से प्राप्त नहीं हो रही हैं, जिसके कारण इन्हें समेकित कर मंत्रालय/राजभाषा विभाग भिजवाने में विलंब होता है। मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही में संभवत: कोविड-19 की दूसरी लहर में केविप्रा के अधिकांश कर्मियों के प्रभावित होने से विलंब हुआ है, तथापि आगामी रिपोर्टें समय से प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया जा सकता है।

हिंदी के मूल पत्राचार में विगत तिमाही की तुलना में मामूली वृद्धि हुई है, तथापि लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अभी और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

संसदीय समिति को दिए गए आश्वासनों की अनुपालनात्मक रिपोर्ट भिजवा दी गई है, जिसके अंतर्गत महत्वपूर्ण बिंदु जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वे हैं:

क. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपना समस्त कार्य हिंदी में करना।
ख. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य अनुभव के आधार पर स्वयं को प्रवीण घोषित करना अथवा प्रवीणता हेतु यथोचित प्रशिक्षण प्राप्त करना।
ग. 'क' एवं 'ख' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का भी हिंदी में उत्तर दिया जाना।
घ. न्यूनतम 75 प्रतिशत टिप्पणियां हिंदी में लिखना।

मद सं. 3: केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रभागों एवं अनुभागों द्वारा किए गए पत्राचार की समीक्षा।

विगत तिमाही की तुलना में मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के दौरान मूल पत्राचार में कुछ वृद्धि हुई है किंतु अभी भी अनेक प्रभाग/अनुभागों को लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। विगत तिमाही (दिसबर, 2020) के दौरान 'क', 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के साथ किए गए मूल पत्राचार का प्रतिशत क्रमश: **94.19, 93.32** तथा **85.51**था, जो मार्च, 2021 के दौरान क्रमश: **95.66, 94.5 एवं 86.89** है, जिसमें विगत तिमाही से वृद्धि दर्ज की गई है। सभी प्रभागों/अनुभागों से प्राप्त आंकड़ों पर चर्चा की जा सकती है।

मद सं. 4: संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2021-22 पर चर्चा।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए प्रत्येक वित्त वर्ष का एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है, जिसमें क्षेत्रवार कार्यालयों के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। वर्ष 2021-22 के लिए भी वार्षिक कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसे राजभाषा अनुभाग द्वारा केविप्रा की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया, साथ ही इसे केविप्रा वेबसाइट के राजभाषा नीति खंड में भी अपलोड किया गया है। लक्ष्यों पर मदवार चर्चा की जा सकती है।

मद सं. 5: वर्ष 2021 के सितंबर माह के दौरान हिंदी दिवस पर आयोजित किए जाने वाले हिंदी पखवाड़ा समारोह पर चर्चा।

केविप्रा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है, जो हिंदी दिवस 14 सितंबर से प्रारंभ या समाप्त होता है। विगत वर्ष कोविड-19 के कारण सभी समारोह एवं प्रतियोगिताए ऑनलाइन आयोजित किए गए थे। इस वर्ष भी इन आयोजनों एवं प्रतियोगिताओं को ऑनलाइन आयोजित कराने पर उपस्थित सदस्यों से विचार आमंत्रित किए जा सकते हैं।

मद सं. 6: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय।